# ट्रैफिक सुधार और अवैध पार्किंग पर कलेक्टर सख्त

**▸ 15 दिवसीय विशेष अभियान चलाने के निर्देश**



**देवास।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने और सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद की मौजूदगी में हुई इस बैठक में शहर के बुनियादी ढांचे, अतिक्रमण और परिवहन नियमों के उल्लंघन पर कड़ा रुख अपनाया गया।

**सर्विस रोड पर पार्किंग पर पाबंदी**

कलेक्टर सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए कि विकास नगर चौराहा स्थित फ्लाइओवर के नीचे वाहनों की पार्किंग के लिए सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सर्विस रोड पर किसी भी स्थिति में पार्किंग न होने दी जाए। नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस को संयुक्त रूप से पार्किंग प्लान तैयार कर जगह आवंटित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, एबी रोड से अतिक्रमण हटाने के लिए भी संयुक्त टीम को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**नियमों की अनदेखी पर चलेगा डंडा**

बैठक में व्यावसायिक वाहनों की फिटनेस और प्रदूषण जांच पर विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी पेट्रोल पंपों पर अनिवार्य रूप से प्रदूषण जांच केंद्र स्थापित हों। आरटीओ और पुलिस विभाग अगले 15 दिनों तक विशेष अभियान चलाकर व्यावसायिक वाहनों की जांच करें। बिना परमिट, ओवरलोडिंग, तेज गति और नशे में वाहन चलाने वाले ड्राइवरों पर कठोर कार्रवाई की जाए। इंदौर-उज्जैन रूट पर चलने वाली बसों के समय की विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाए ताकि सड़कों पर अंधी प्रतिस्पर्धा न हो।

**सुरक्षा के लिए कॉन्वेक्स मिरर और स्पीड बोर्ड**

सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए निर्माण एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे जिले के सभी प्रमुख मार्गों पर स्पीड लिमिट के बोर्ड लगाएं। विशेषकर अंधा मोड़ पर कॉन्वेक्स मिरर लगाए जाएं ताकि सामने से आने वाले वाहन स्पष्ट दिख सकें। क्या फाइलों में दबी है देवास की पार्किंग और पिक-अप बस स्टैंड योजना?

बैठक में ट्रैफिक सुधार पर तो व्यापक चर्चा हुई, लेकिन शहर के भविष्य से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण सवाल अब भी अनुत्तरित हैं।

**क्या मास्टर प्लान पर हुई चर्चा?**

देवास विकास योजना 2011 और 2031 में शहर की बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए कई स्थानों पर पिकअप बस स्टैंड और स्थाई पार्किंग के लिए भूमियां आरक्षित की गई थीं। जमीनी हकीकत यह है कि वर्षों बीत जाने के बाद भी इन आरक्षित भूमियों पर न तो बस स्टैंड बने और न ही व्यवस्थित पार्किंग स्थल। वर्तमान में एमजी रोड और सिविल लाइन जैसे क्षेत्रों में ट्रैफिक का दबाव इसी योजना के क्रियान्वयन न होने का परिणाम है।

# वार्ड 24 गार्डन में पेवर्स ब्लाक लगाने के लिए भूमिपूजन



**देवास।** वार्ड 24 जयश्री नगर मे स्थित गार्डन व गार्डन के आसपास नगर निगम द्वारा 16 लाख 44 हजार की लागत पेवर्स ब्लाक लगाने के कार्य का भूमिपूजन किया गया।

वार्ड पार्षद रितु सवनेर के परिवार मे गमी होने के कारण निगम लोक निर्माण समिती अध्यक्ष गणेश पटेल के द्वारा वार्ड मे स्थित गार्डन मे पेवर्स ब्लाक लगाने के कार्य का भूमिपूजन किया गया। मंडल अध्यक्ष सुरेश सिलोदिया, अखिलेश धुरिया, वार्ड के भरत व्यास, विजय कदम, मानसिंह राजपूत, सुरेश चौधरी, दिपेश शर्मा, नीरज सरगरा, मीरा भारद्वाज, पुष्पा शर्मा, जयेश श्रीवास्तव आदि सहित बडी संख्या मे वार्डवासी उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### अभा कायस्थ महासभा मध्य भारत ने मनाया फाग उत्सव



**देवास।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला देवास के चित्रांश बंधुओ द्वारा चित्रगुप्त मंदिर गीता भवन में कल शाम भाई दूज का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया । उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व महापौर सुभाष शर्मा एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम की विशेष उपस्थित में भगवान श्री चित्रगुप्त जी की पूजा अर्चना कर महा आरती की गई एवं भोग लगा कर प्रसाद वितरण किया गया तत्पश्चात चित्रांश भाइयों एवं बहनों द्वारा पुष्प, गुलाल,नृत्य एवं संगीत के साथ भाग उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया । फाग उत्सव की संयोजिका रही शशी खरे, प्रियंका श्रीवास्तव, रश्मि श्रीवास्तव,संगीता श्रीवास्तव, सुमन श्रीवास्तव ,निकिता निगम, लीला सक्सेना। इसी के साथ देवास में आए समाज के 10 नए परिवार के सदस्यों ने समाज की सदस्यता लेने पर उनका पुष्प हार से स्वागत किया गया। भाई दूज के पर्व पर बीसी के संचालक प्रदीप खरे एवं घनश्याम श्रीवास्तव द्वारा 108 सदस्यों की बी सी भी प्रारंभ की गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत भाषण जिला अध्यक्ष राम श्रीवास्तव द्वारा व्यक्त किया गया। सुभाष शर्मा ने अपने उद्बोधन में बताया की कायस्थ समाज बुद्धिजीवी एवं पढ़ा लिखा समाज होने के साथ-साथ समाज के विकास में अहम भूमिका अदा करता है एवं समाज से उन्होंने आग्रह किया कि हम सब मिलकर सनातन संस्कृति को और ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। आपने बताया कि मैं कायस्थ समाज के लिए पूर्ण रूप से समर्पित था समर्पित हूं और समर्पित रहूंगा। प्रयास गौतम ने बताया कि कायस्थ समाज की सामाजिक विकास में विशेष भूमिका रही है गौतम ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में चित्रांश बंधुओ की उपस्थिति निश्चित रूप से कायस्थ समाज की शक्ति एवं संगठन का एक सशक्त उदाहरण है कायस्थ समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राष्ट्र कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट मनोज श्रीवास्तव उपस्थित रहे ,पवन श्रीवास्तव एवं आशुतोष श्रीवास्तव द्वारा कार्यक्रम की व्यवस्था एवं मंदिर की सजावट की गई । कार्यक्रम का संचालन प्रदीप खरे द्वारा किया गया । हेमेंद्र निगम काकू द्वारा आभार व्यक्त किया गया ।अंत में शहर अध्यक्ष दीपक श्रीवास्तव द्वारा कार्यक्रम में उपस्थिति समस्त चित्रांश बंधुओ को स्वल्पाहार कराया गया।

### रोजदारों ने किया मझले रोजे का किया इफ्तार

**देवास।** काली मस्जिद परिसर में नव गठित वक्फ काली मस्जिद कमेटी देवास द्वारा पवित्र रमजान महामुबारक के 15,वें रोजे (मझले रोजे) के इफ्तार का आयोजन रखा गया। जिसमे भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष परवेज शेख विनर, पार्षद प्रति.वसिम हुसैन, समाज सेवी अयुब भारती, नवनियुक्त काली मस्जिद कमेटी अध्यक्ष फिरोज खान मस्तान के साथ पदाधिकारीगण आजाद शाह, रशीद खान, जमील शेख, यूनुस अली, सौहैल खान, सलमान पठान, वसीमउदीन कुरेशी, एड. अर्शद जुनेद मिर्जा, मो.अकरम मंसूरी, मों.अकरम खान, पत्रकार शाहीद खान, शाहबुद्दीन मंसूरी सहित बड़ी संख्या में रोजदारो ने रोजा खोलने के साथ जायरिनो के लिए लंगर का भी एहतमाम किया गया था जिसे उपस्थित जनो ने लिया। मौजूद सभी जनो ने एकता और भाई चारे व देश दुनियाभर मे अमन-चौन की दुआ की।

# श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में इंद्र ध्वज महामंडल विधान



**देवास।** श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर देवास में अष्टांगीका महापर्व पर इंद्र ध्वज महामंडल विधान का आयोजन किया गया।

ट्रस्ट मंडल के द्वारा आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज एवं मुनि श्री भूतवली सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री 108 मुनि सागर जी महाराज, एलक मंथन सागर जी महाराज के मंगल सानिध्य में बाल ब्रह्मचारी मंजुला दीदी के मार्गदर्शन एवं पंडित श्री भागचंद जी जैन शास्त्री जी के नेतृत्व में इंद्र ध्वज महामंडल विधान का आयोजन एवं विश्व शांति की मंगल कामना के लिए हवन के साथ आज पूर्णिमा के अवसर पर संपन्न हुआ। सभी इंद्र इंद्राणियों के द्वारा प्रभु की आराधना उपवास ,तप व त्याग भक्ति भाव करके की गई। चैत्र दूज पर समाधिस्ट पूज्य गुरुदेव मुनि श्री 108 भूतवली सागर जी महाराज की द्वितीय पुण्यतिथि पर श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर जी में गुरु पूजन करके मनाई गई। आभार प्रदर्शन ट्रस्ट सचिव शैलेन्द्र जैन दोशी ने माना। यह जानकारी ट्रस्ट अध्यक्ष मनोहर जैन के द्वारा दी गई।

# ग्राम गोदना में खंडेराव बाबा मेला शुरू



**देवास।** कन्नौद विकासखंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गोदना मैं खंडेराव बाबा का मेला प्रारंभ हुआ जिसका शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक बागली मुरली भंवरा ने किया कांटाफोड़ पुजापुरा मार्ग पर स्थित ग्राम गोदना में प्राचीन काल से चली आ रही मेले की प्रथा ग्राम में है।

इसी के तहत मेला प्रारंभ हुआ इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक बागली मुरली भंवरा, ग्राम के सरपंच रघुनाथ नायक, उपसरपंच आनंद कमां मंडल महामंत्री राजाराम टोटा, मंडल मंत्री राजेश राठौर, युवा मोर्चा महामंत्री राजेंद्र यादव, राहुल राठौर, ओम प्रकाश कामां, ईश्वर सिंह कछुवाहे, दातार सिंह कछुवाहे, प्रदीप कुछवाहे, रघुवीर लाइनमैन, सुदेश उईकै, मोजीराम धुर्वे, गंगाराम धवरेकर, दिपचन्द गवली आदि ग्रामवासी एवं भाजपा कार्यकर्ता मेले के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित थे।

# मां नर्मदा परिक्रमा कर लौटे उईकै



**देवास।** कन्नौद जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली आदर्श ग्राम पंचायत पलासी सतवास के सरपंच प्रतिनिधि एवं अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन विधानसभा इकाई बागली के अध्यक्ष मां नर्मदा के परम भक्त लखन लाल उईकै 18 फरवरी से तीर्थ नगरी ओमकारेश्वर नर्मदा घाट से नर्मदा परिक्रमा प्रारंभ की।

यात्रा मीठी मलाई से अमरकंटक दर्शन लाभ लेकर घाट घाट पूजा अर्चना करके यात्रा का समापन तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर में ही भगवान ममलेश्वर कि पूजा अर्चन कर जल अभिषेक करके समापन किया 16 दिवस की यात्रा श्री लखन लाल उईकै एवं साथी गण गजानन जारवाल लोहारदा कन्हैया पटेल हायडी पंडित पवन शर्मा छोटेलाल सिरा पलासी ने क्षेत्र की एवं प्रदेश की देश की समृद्धि की कामना को लेकर के कि जिनका स्वागत सम्मान मां नर्मदा के विभिन्न घाटों पर नर्मदा भक्तों ने किया।

# राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस पर जागरूकता सेमिनार




**देवास।** राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस के अवसर पर अमलतास वेलफेयर सोसायटी के चेयरमैन महोदय के मार्गदर्शन में अमलतास इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी, अमलतास यूनिवर्सिटी, देवास में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह दिवस भारत में फार्मेसी शिक्षा के जनक महादेव लाल श्रॉफ की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर संस्थान की प्राचार्य डॉ. नीलम खान ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि फार्मासिस्ट स्वास्थ्य सेवा प्रणाली का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और दवाओं के सुरक्षित एवं प्रभावी उपयोग में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्य अतिथि एवं अतिथि वक्ता डॉ. सुमीत द्विवेदी, प्रोफेसर, एक्रोपोलिस इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च ने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में विभिन्न हेल्थकेयर प्रैक्टिशनर्स की भूमिकाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस वर्ष की थीम पर विस्तृत व्याख्यान दिया और बताया कि फार्मेसी के विकास के लिए शिक्षा, उद्योग, अनुसंधान, नियामक संस्थाओं और प्रैक्टिस के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में उपस्थित अमलतास विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार श्री संजय रामबोले ने फार्मेसी के महत्व पर अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम के अंतर्गत सेमिनार, पोस्टर प्रस्तुति, क्विज प्रतियोगिता तथा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए और छात्रों को फार्मेसी के क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में संस्थान के सभी शिक्षक और छात्र सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का संचालन छात्रा निर्जला चावड़ा ने किया।

# माहेश्वरी समाज ने निकाली गेर, मनाया फागोत्सव



**देवास।** माहेश्वरी समाज के मीडिया प्रभारी राजेन्द्र मूंदड़ा ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी माहेश्वरी समाज देवास द्वारा भेरूगढ़ स्थित राम मंदिर पर फागोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें भजन गायक अनूप जैन के भजनों पर समाजजनों ने झूमते नाचते फाग उत्सव मनाया तथा फूलों से होली खेली।

कलाकारों का स्वागत केशरिया दुपट्टा पहनाकर किया। इसके पूर्व सुबह 9 बजे समाज बंधुओं द्वारा होली की गैर निकाली गई जिसमें शोकाकुल समाज बंधुओं रामनारायण कचोलिया, आशीष प्रहलाद सोनी, महेश, पुरूषोत्तम झंवर, नीरज गांधी, राजेश प्रहलाद माहेश्वरी, सत्यनारायण लाठी, राजेश जेथलिया के के यहां जाकर उन्हें रंग गुलाल लगाया गया। 50 से अधिक समाज बंधु गैर में शामिल हुए। इसके पश्चात भेरूगढ़ मंदिर पहुंचकर सभी ने स्वल्पाहार किया तथा साधारण सभा संपन्न हुई। साधारण सभा में अध्यक्ष मनोज बजाज ने महंगाई को देखते हुए समाज का लागा बढ़ाने पर प्रस्ताव रखा जिसे सर्वसम्मति से लागा की राशि को बढ़ाकर 150 रू किया गया साथ ही बताया कि यह लागा 1 अप्रेल से लागू होगा। फाग उत्सव के पश्चात सभी समाज बंधुओं ने परिवार सहित सहभोज का आनंद लिया। दिनेश एम भूतड़ा एवं उनकी पूरी युवा टीम को कार्यक्रम की सफलता के लिए धन्यवाद दिया।

जिलाध्यक्ष कैलाश डागा, समाज के पूर्व अध्यक्ष प्रहलाद दाड़, महिला संगठन की पूर्व जिलाध्यक्ष मंगला परवाल, माहेश्वरी संगठन की मध्यांचल सहप्रभारी रंजना परवाल, युवा संगठन के पश्चिमांचल उपाध्यक्ष अभिषेक लाठी, महिला संगठन की नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनीता मंत्री, पूर्व अध्यक्ष चेतना माहेश्वरी के साथ समाजजन उपस्थित रहे।

### भगवान चित्रगुप्त की पूजा कर मनाया फाग उत्सव



**देवास।** गीता भवन स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर में समाज के सदस्यों ने पूजा अर्चना के साथ ही हर्षोल्लास के साथ एक दूसरे को गुलाल लगा कर फाग उत्सव मनाया।

कार्यक्रम में राजेश सक्सेना, मंजू सक्सेना, दिलीप निगम, अलका निगम, मीना श्रीवास्तव, वंदना श्रीवास्तव, स्वाति श्रीवास्तव, दिपाली श्रीवास्तव, संगीता कानूनगो ,सुनीता निगम, मनोज श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, जितेंद्र श्रीवास्तव, आशुतोष श्रीवास्तव आदि एवं मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती अनुपमा श्रीवास्तव उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संयोजन महिला जिलाध्यक्ष सीता श्रीवास्तव ने किया।

# राज्यपाल से ज्ञानव्योम पहल पर हुई चर्चा

**▸ होली की शुभकामनाएं दी**



**देवास।** कलाव्योम फाउंडेशन के अध्यक्ष अशोक श्रीमाल ने लोकभवन, भोपाल पहुँचकर मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर श्रीमाल ने राज्यपाल को रंगों के पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई प्रेषित की।

मुलाकात के दौरान राज्यपाल को कलाव्योम फाउंडेशन द्वारा संपूर्ण प्रदेश में संचालित की जा रही विभिन्न रचनात्मक, सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। विशेष रूप से चर्चा के दौरान ज्ञानव्योम पहल पर जोर दिया गया, जो शिक्षा के प्रसार और बौद्धिक विकास के लिए फाउंडेशन की एक अनूठी प्रतिबद्धता है। साथ ही, प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, युवा कलाकारों को उचित मंच प्रदान करने और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु चलाए जा रहे कौशल विकास कार्यक्रमों की रूपरेखा भी राज्यपाल के समक्ष साझा की गई। इस महत्वपूर्ण अवसर पर श्रीमाल के साथ प्रतिनिधिमंडल में मोहित सिंह तथा बलवीर राजपूत भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**एक नजर में ▸ सोनकच्छ सिविल अस्पताल से इन्वर्टर-बैटरी चोरी मामला**

# पुलिस की सख्ती के बाद इन्वर्टर बैटरी मिलने का दावा

**सोनकच्छ।** सिविल अस्पताल सोनकच्छ से पिछले दिनों ब्लड बैंक रेफ्रिजरेटर का इन्वेंटर बैटरी चोरी हो गई थी। इन्वर्टर बैटरी चोरी होने की खबर जब समाचार पत्र में प्रकाशित हुई उसके बाद अस्पताल प्रशासन द्वारा स्थानीय पुलिस थाने पर चोरी होने का आवेदन दिया गया।

इसके बाद पुलिस द्वारा अस्पताल के बीएमओ डॉ राजेश कुमार और ब्लाक प्रोग्राम अधिकारी दीपक चौहान से अस्पताल में लगे करीब 40 सीसीटीवी कैमरों की रिकार्डिंग मांगी गई, लेकिन दोनों अधिकारी पुलिस को कई दिनों तक गुमराह करते रहे, जिस पर थाना प्रभारी अजय गुर्जर द्वारा सख्ती करते हुए दीपक चौहान को थाने बुलाया गया और पुछताछ की गई। पुलिस पुछताछ के चार दिन बाद चौहान द्वारा पुलिस को बताया गया कि चोरी गया इन्वर्टर बैटरी अस्पताल परिसर से वापस मिल गई है। इन्वर्टर बैटरी चोरी मामले में अस्पताल प्रशासन शक के घेरे में है, क्योंकि अस्पताल प्रशासन द्वारा पुलिस को सीसीटीवी रिकॉर्डिंग नहीं दिखाई और पुलिस ने जब सख्ती बरती और दीपक चौहान सहित अन्य कर्मचारियों से पूछताछ की गई

तो चार दिन बाद इन्वर्टर बैटरी वापस मिल गई। बैटरी वापस कैसे मिल जब इस सम्बन्ध में दीपक चौहान से बात की गई तो चौहान ने गोलमाल जवाब देते हुए बताया कि दवाई रखने के स्टोर रूम में सफाई कर्मचारियों द्वारा रख दी थी और उसके ऊपर दवाई का स्टॉक रख दिया गया था जिससे बैटरी निचे दब गई थी तलाश करने पर मिल गई वहीं इस बात की सत्यता को जांचते हुए स्टोर रूम प्रभारी दिलीप दासियां से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मैंने ब्लड बैंक रेफ्रिजरेटर और और इन्वर्टर बैटरी सभी को नवंबर महीने में लेबोरेटरी विभाग को सुपुर्द कर दिया था उसके बाद स्टोर रूम में बैटरी रहने का सवाल ही नहीं उठता है क्योंकि स्टोर रूम की चाबी मेरे पास रहतीं हैं।इस घटना के बाद नगर के लोगों में नाराजगी का माहौल देखा जा रहा है। नागरिकों का कहना है कि अस्पताल जैसे महत्वपूर्ण स्थान पर इस प्रकार की चोरी होना और जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा गंभीरता न दिखाना चिंताजनक है। शासन द्वारा लोगों के बेहतर इलाज के लिए अस्पतालों में उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं, लेकिन यदि इस तरह की लापरवाही जारी रही तो आम जनता का स्वास्थ्य विभाग पर विश्वास कमजोर हो सकता है। अब देखना यह होगा कि इस मामले में विभागीय अधिकारी और देवास जिला प्रशासन लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ क्या कार्रवाई करते हैं।